लिए अन्य चिकित्सक लगा दिए हैं।

**किया लोकार्पण** **टैंकरों से मिलेगा छुटकारा**

# कुओं के जीर्णोद्धार से कारागृह की जल समस्या का समाधान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दौसा.** कारागार विभाग ने विशिष्ट केन्द्रीय कारागृह श्यालावास में दो पुराने कुओं का जीर्णोद्धार कराया है। रेंज जयपुर की उप महानिरीक्षक मोनिका अग्रवाल ने पुनरुद्धार किए गए कुओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर अग्रवाल ने कहा कि समाजसेवी संस्थाएं कारागृहों की व्यवस्थाओं के सुधार के लिए आगे आएंगी तो व्यवस्थाएं और सुदृढ़ व सुचारू हो सकेगी। उन्होंने बताया कि फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा सीएसआर पार्टनर मुकुल माधव फाउण्डेशन पुणे के सहयोग से यह कार्य हुआ है।





केन्द्रीय कारागृह की पेयजल समस्या के समाधान के लिए कुएं का जीर्णोद्धार कर लोकार्पण करते अतिथि।

कारागृह उपाधीक्षक सौरभ स्वामी ने बताया कि बंदियों एवं कारागृह कार्मिकों के लिए अब तक पेयजल की व्यवस्था टैंकरों के माध्यम से की जा रही थी। पुराने कुओं में से 35 फीट की गहराई तक कीचड़ निकालकर 126 फीट गहरा किया गया। कुओं के जीर्णोद्धार से विशिष्ट केन्द्रीय कारागृह की बहुप्रतीक्षित पेयजल समस्या का समाधान हो गया।

दोनों पुराने कुओं के जीर्णोद्धार तथा गहरा कराने के कार्य पर 10 लाख रुपए खर्च हुए। जिसमें फाउण्डेशन ने 9 लाख तथा कारागार विभाग ने 1 लाख रुपए का सहयोग दिया। इस कार्य में लगभग 2 माह का समय लगा। इस अवसर पर कारापाल राजेश डुकिया, उप कारापाल हाजी दिलावर खान, चिराग पगधर, नितिन जैन, आशीष शर्मा, हेमन्त चतुर्वेदी एवं नितुल बरोट आदि उपस्थित रहे। (ग्रामीण)